**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: The Minister of Home Affairs made a statement on incidents of voilence during Bharat Bandh called on 2nd April 2018.

**गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह):** माननीय अध्यक्ष महोदया, भारत बंद के दौरान सारे देश में हुई हिंसा की घटनाओं के संबंध में, मैं अपना वक्तव्य देने के लिए खड़ा हुआ हूँ।…( व्यवधान)

मैं बहुत ही गंभीर विषय पर स्टेटमेंट देने के लिए खड़ा हुआ हूँ, इसलिए मैं सभी सम्मानित सदस्यों से अपील करना चाहता हूँ कि कृपया सदन में शांति-व्यवस्था बनाये रखें। …( व्यवधान)

महोदया, कल देश के कई हिस्सों में हिंसा एवं आगजनी की घटनाएँ हुईं। भारत बंद के दौरान हिंसा की घटनाओं में आठ लोगों की मृत्यु हुई है। …( व्यवधान) मध्य प्रदेश में छह, उत्तर प्रदेश में एक तथा राजस्थान में एक व्यक्ति की मृत्यु की घटना के अलावा बंद के दौरान भीड़ तथा पुलिस में कई जगहों पर टकराव की घटनाएँ भी हुई हैं। …( व्यवधान)

मैं सबसे पहले इन घटनाओं में मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करना चाहता हूँ। …( व्यवधान)

मैं यह भली-भांति समझता हूँ कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लोगों के मन में व्यापक रोष है। इस केस में भारत सरकार पार्टी नहीं थी। इस फैसले के विरुद्ध लोग चिन्तित होकर सड़कों पर उतर आए हैं।…( व्यवधान) मैं यह भारत सरकार की तरफ से कहना चाहता हूँ कि सुप्रीम कोर्ट तथा एससी एवं एसटी समुदाय के लोगों को संविधान द्वारा जो प्रोटेक्शन दिया गया है, सरकार उसके प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। …( व्यवधान)

मैं इस सदन के माध्यम से आपको विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि हमारी सरकार ने एससी/एसटी प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट में कोई भी डायलूशन नहीं किया है, बल्कि हमारी सरकार ने कार्यभार संभालते ही, इस संदर्भ में एससी/एसटी प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट के मौजूदा प्रावधानों का अवलोकन किया और निर्णय लिया कि इनको और भी स्ट्रेन्देन किया जाए। …( व्यवधान)

अत: वर्ष 2015 में हमारी सरकार ने 'The Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Amendment Act' भी पारित किया। इसके द्वारा एससी/एसटी प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट में नये ऑफेंसेज को जोड़ा गया, जो पहले नहीं थे। …( व्यवधान) यह भी पाया गया कि दोषियों को सजा देने में विलम्ब होता है या चार्ज़ इस्टैब्लिश ही नहीं हो पाता है क्योंकि विक्टिम अथवा विट्नेस जो कि पहले ही शोषित है, पर जोर-दबाव देकर चुप कराने का प्रयास किया जाता है। इसलिए इस संशोधन द्वारा विट्नेस प्रोटेक्शन का प्रावधान भी हमारी सरकार ने किया है। …( व्यवधान) इतना ही नहीं, हमारी सरकार ने यह भी किया है कि पीड़ितों को दी जाने वाली राहत की राशि में भी बढ़ोतरी की है। हमने यह भी प्रावधान किया कि इस कानून को लागू करने में लापरवाही बरतने वाले सरकारी अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए।…( व्यवधान)

मैं यह विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि हमारी सरकार एससी/एसटी के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।…( व्यवधान)

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के तुरन्त बाद यह निर्णय लिया गया कि हमारी सरकार इसके विरुद्ध पुनर्विचार याचिका दाखिल करेगी और मैं सदन को सूचित करना चाहता हूँ कि यह याचिका 2 अप्रैल को दाखिल कर दी गयी है।…( व्यवधान)

लर्नेड अटॉर्नी जनरल ने गवर्नमेंट के बिहाफ पर माननीय सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि रिव्यू पिटिशन पर शीघ्र सुनवाई प्रारम्भ की जाए। …( व्यवधान) माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सहमति जताते हुए आज दो बजे से ही रिव्यू पिटिशन की सुनवायी का समय तय कर दिया है। इससे सरकार की तत्परता पर किसी प्रकार के संदेह की गुंज़ाइश शेष नहीं रह जाती है। …( व्यवधान) मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूँ कि माननीय सुप्रीम कोर्ट का जज़मेंट 20 मार्च, 2018 को आया। इसके उपरान्त मात्र छह वर्किंग डेज़ के अन्दर पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ समस्त प्रक्रियाओं और कानूनी परामर्श की कार्रवाई को पूरा करते हुए 2.04.2018 को केन्द्र सरकार की ओर से रिव्यू पिटिशन दायर कर दी गयी।…( व्यवधान)

मैं यह भी बताना चाहता हूँ कि आरक्षण को लेकर जो तरह-तरह की अफवाहें फैलायी जा रही हैं, वे पूरी तरह से बेबुनियाद और निराधार हैं। …( व्यवधान)

हमारी सरकार SC/ST के हितों की रक्षा के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और अध्यक्ष महोदया मैं सभी देशवासियों से अपील करता हूँ कि वे शांति और संयम बनाए रखें। …( व्यवधान) हमने सभी राज्यों को शांति बनाए

रखने के लिए advisory भी जारी की है। शांति बहाल करने के लिए, राज्यों ने जो भी मदद मांगी है, हमने तत्परतापूर्वक उसे उपलब्ध भी कराया है।…( व्यवधान)

गृह मंत्रालय इस मामले पर नज़र बनाए हुए है तथा हम राज्य सरकारों के भी लगातार संपर्क में हैं।…( व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं सदन के माध्यम से समस्त देशवासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करता हूँ। …( व्यवधान) साथ ही मैं सभी राजनीतिक दलों से भी अपील करना चाहता हूँ कि वे देश में शांति व्यवस्था तथा भाईचारा बनाए रखने में पूरी तरह सहयोग करें। …( व्यवधान)

धन्यवाद।

[Placed in Library, See No. LT 9108 A /16/18]